समाचार

# जिला चिकित्सालय में प्रगतिरत व प्रस्तावित कार्यो की कार्यप्रगति में तेजी लाकर समयसीमा में कार्यो को पूरा कराएं – आयुक्त

## (कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देश पर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने जिला चिकित्सालय कोरबा में प्रगतिरत व प्रस्तावित निर्माण कार्यो का किया स्थल निरीक्षण, कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने, समयसीमा में कार्य को पूरा करने तथा प्रस्तावित कार्यो की कार्यप्रक्रिया त्वरित रूप से पूर्ण कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के दिए निर्देश )



कोरबा 23 दिसम्बर 2025 – निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अभियंताओं, अधिकारियों व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को कड़े निर्देश देते हुए आज कहा कि जिला चिकित्सालय कोरबा में जिला खनिज न्यास मद से कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यो में अपेक्षित तेजी लाएं तथा कार्य को समयसीमा में पूर्ण करें, वहीं प्रस्तावित निर्माण कार्यो की कार्यप्रक्रिया में गति लाकर कार्यो को शीघ्र प्रारंभ कराएं। उन्होने कहा कि कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष नजर रखें तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ किए गए हैं, उन्होने स्पष्ट रूप से कहा कि कार्य की गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार का कम्प्रोमाईज स्वीकार्य नहीं होगा तथा कार्यो में लेट–लतीफी क्षम्य नहीं होगी।

कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देश पर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज नगर निगम कोरबा के अधिकारियों व अभियंताओं की टीम के साथ कोरबा जिला चिकित्सालय परिसर का भ्रमण करते हुए वहॉ पर जिला खनिज न्यास मद से कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया, साथ ही वहॉ पर प्रस्तावित

निर्माण कार्यो का स्थल निरीक्षण कर कार्यप्रकिया में तेजी लाने एवं प्रस्तावित कार्यो को शीघ्र प्रारंभ किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिला चिकित्सालय कोरबा में जिला खनिज न्यास मद से लगभग 30 लाख रूपये की लागत से सर्वसुविधायुक्त वेटिंग हाल का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका कार्य वर्तमान में प्रगति पर है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने वेटिंग हाल निर्माण कार्य की कार्यप्रगति का अवलोकन किया, कार्य की गुणवत्ता को देखा तथा अभियंताओं को निर्देश दिए कि वेटिंग हाल निर्माण कार्य में अपेक्षित तेजी लाएं, कार्य की गुणवत्ता पर कड़ी नजर रखें एवं समयसीमा में कार्य को पूरा कराएं। इसी प्रकार हास्पिटल में 41 लाख 13 हजार रूपये की लागत से एस.एन.सी.यू. रूम का निर्माण कार्य भी वर्तमान में प्रगति पर है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया एवं कार्य पूर्णता के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। अस्पताल परिसर में जिला खनिज न्यास मद से ही शेड का निर्माण किया जा रहा है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त निर्माण स्थल का निरीक्षण करते हुए कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए हैं।

**एन.आर.सी. बिल्डिंग व रेडकास सोसायटी भवन निर्माण कार्यो की कार्यप्रकिया जल्द पूरी कर कार्यप्रारंभ कराएं** – जिला चिकित्सालय परिसर में जिला खनिज न्यास मद से 28 लाख 36 हजार रूपये की लागत से एन.आर. सी.बिल्डिंग का निर्माण निगम द्वारा किया जाना हैं, जिसकी निविदा प्रकिया प्रकिया पर है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने एन.आर.सी.बिल्डिंग हेतु स्थल चिन्हाकंन सुनिश्चित कर टेण्डर की कार्यप्रकिया नियमानुसार जल्द से जल्द पूरी कर कार्य प्रारंभ किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार जिला खनिज न्यास मद से ही 79 लाख 49 हजार रूपये की लागत से परिसर में रेडकास सोसायटी भवन का निर्माण भी कराया जाना हैं, जिसकी निविदा प्रकिया पूरी कर ली गई है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त महत्वपूर्ण निर्माण कार्य को भी शीघ्र प्रारंभ किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**जल निकासी प्रबंधन हेतु नालियों का होगा निर्माण** – हास्पिटल स्टाफ के आवासगृहों एवं उक्त सम्पूर्ण परिसर में जल निकासी प्रबंधन हेतु जिला खनिज न्यास मद से 01 करोड़ 94 लाख 70 हजार रूपयेय की लागत से नालियों का निर्माण व अन्य सहायक व्यवस्थाएं की जानी हैं, आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त कार्य का स्थल निरीक्षण किया तथा कार्य की सभी आवश्यक कार्य प्रकियाओं को त्वरित रूप से पूर्ण करते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**सुव्यवस्थित पार्किंग हेतु तत्काल प्रस्ताव तैयार करें** – हॉस्पिटल के चिकित्सकों व अन्य स्टाफ के अनुरोध पर अस्पताल परिसर में सुव्यवस्थित पार्किंग निर्माण हेतु तत्काल प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों के निर्देशित किया। उन्होन कहा कि प्रस्तावित नई पार्किंग निर्माण में पेवर ब्लाक, शेड निर्माण सहित अन्य आवश्यक कार्यो को प्राक्कलन में अनिवार्य रूप से शामिल करें, ताकि परिसर में वाहनों की पार्किंग हेतु एक सुव्यवस्थित पार्किंग की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

**सुलभ शौचालय की व्यवस्था चुस्त–दुरूस्त करें** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने जिला चिकित्सालय के समीप स्थित सुलभ शौचालय का निरीक्षण किया, वहॉ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अव्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते हुए एक सप्ताह के अंदर शौचालय की सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सुनिश्चित किए जाने के कड़े निर्देश अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, अश्वनी दास सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।